हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, 2 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 34 .7 डिग्री
न्यूनतम 22 .5 डिग्री


13 श्री रामलीला कमेटी कटला की रामलीला में विभीषण...


14 लाहौरिया स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दशहरा




## खबर संक्षेप

### स्वच्छता नियमों की उल्लंघना पर 6 के चालान

**हिसार।** नगर निगम की टीम ने बस स्टैंड, दिल्ली रोड व डोगरान मोहल्ला भाभड़ा चौक के आस-पास निरीक्षण किया। इसमें कुल 6 दुकानदारों के द्वारा स्वच्छता मानकों का पालन न करने पर जुर्माना किया गया। इस दौरान टीम ने 5 चालान डस्टबिन का उपयोग न करने पर व एक चालान खुले में कचरा फैलाने पर किए गए। निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार टीम ने चालान के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया और साफ-सफाई को लेकर नियमों की जानकारी दी।

### 18.50 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**हांसी ।** थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने ट्रेडिंग के नाम पर 18 लाख 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गुजरात के अहमदाबाद निवासी अर्जुन के रूप में हुई है। जांच अधिकारी थाना साइबर क्राइम तैनात एएसआई रामबिलास ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने जुलाई 2025 में दुर्गा कालोनी निवासी संदीप से ट्रेडिंग के नाम पर 18 हजार 50 हजार की धोखाधड़ी की थी। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

### न्योली कलां से सालासर पैदल यात्रा आज से

**हिसार।** श्री सालासर बाला जी पैदल यात्रा संघ की ओर से न्योली कलां से सालासर धाम तक पैदल यात्रा निकाली जाएगी। आयोजक सुरेन्द्र ढांडा ने बताया कि यह यात्रा 2 अक्टूबर को सुबह सवा पांच बजे शुरू होगी। उन्होंने कहा कि सालासर जाने वाले यात्री उनसे संपर्क कर सकते हैं।

### पेयजल सप्लाई में आ रहा सीवरेज युक्त पानी

**उकलाना।** उकलाना के आर्य बाजार क्षेत्र के निवासियों ने जन स्वास्थ्य विभाग से शिकायत की है कि उनकी सप्लाई में पिछले कुछ दिनों से सीवरेज युक्त पानी आ रहा है। इस कारण लोगों को भारी परेशानी और स्वास्थ्य संबंधी खतरे का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने विभाग से जल्द से जल्द दुरुस्त व्यवस्था करने की अपील की है। इसी तरह मंडी के पोस एरिया छबीलदास एरिया में भी सीवरेज का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बह रहा है, जिससे लोगों को दुर्गंध और गंदगी के बीच जीवन यापन करना पड़ रहा है।

*मेयर ने तीन विभागों के अधिकारियों से किया मंथन, दिए निर्देश*

# त्योहारी सीजन में ट्रैफिक व्यवस्था की जाएगी दुरूस्त

## शहर में किसी भी तरह का ट्रैफिक अवरोध न होने देने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ रोडवेज जीएम कार्यालय में बैठक आयोजित

प्रशासनिक व नगर निगम अधिकारियों ने त्योहारी सीजन में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। किसी को भी त्योहारी सीजन में परेशान न हो और यातायात सुचारू चले, इसके लिए मेयर प्रवीण पोपली ने बुधवार को तीन विभागों के अधिकारियों से बैठक की। त्योहारी सीजन की शुरुआत को ध्यान में रखते हुए शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर और सुचारू बनाए रखने के लिए मेयर की अध्यक्षता में यह बैठक बस स्टेंड स्थित रोडवेज जीएम कार्यालय में हुई। इसमें ट्रैफिक एसएचओ, सिटी एसएचओ, रोडवेज अधिकारी, नगर निगम के अधिकारी, तहबाजारी टीम और पार्षदों ने हिस्सा लिया।




हिसार। रोडवेज परिसर में ट्रैफिक व्यवस्था बारे जायजा लेते मेयर तथा ट्रैफिक व्यवस्था बारे बैठक लेते मेयर प्रवीण पोपली। फोटो : हरिभूमि

### बस स्टेंड के आसपास ट्रेफिक न रूके

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि बस स्टेंड के आसपास अक्सर ट्रैफिक रुकने से जाम की स्थिति बनती है, जिससे आम लोगों को दिक्कत होती है। इसे देखते हुए नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, सिटी पुलिस, रोडवेज विभाग और तहबाजारी टीम के साथ मिलकर एक विस्तृत योजना तैयार की गई है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बस स्टेंड के आसपास किसी भी प्रकार का अवरोध नहीं होना चाहिए और यदि कोई वाहन अनावश्यक रूप से खड़ा मिलता है तो उसे तुरंत हटाया जाए या नियमों के तहत कार्रवाई की जाए।

### ट्रैफिक एसएचओ को दी सख्त हिदायत

ट्रैफिक एसएचओ को सख्त हिदायत दी गई कि शहर के किसी भी हिस्से में जाम की स्थिति पैदा न हो, इसके लिए अग्रिम योजना बनाई जाए और सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। इसके साथ ही, मेयर ने कहा कि त्योहारों के समय बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल की तैनाती की जाए।

### शहर से 28 बेसहारा पशुओं को पकड़ा

**हिसार।** बेसहारा पशुओं को हटाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर निगम ने मंगलवार रात्रि को कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न इलाकों से कुल 28 आवारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण्य भेजा। इस अभियान का संचालन सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की निगरानी में किया गया। अभियान में पुलिस और तहबाजारी के इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा व उनकी टीम मौजूद रही। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि राजगढ़ रोड, नवदीप कॉलोनी, सेक्टर 16-17, डाबड़ा चौक, अर्बन एस्टेट, सातरोड क्षेत्रों से बेसहारा पशुओं को पकड़कर ढंढूर स्थित गौ-अभ्यारण्य पहुंचाया गया।

**पिक एंड ड्रॉप प्वाइंट विकसित करें:** मेयर ने रोडवेज अधिकारियों को बस स्टेंड के प्रवेश द्वार के पास स्थित खाली स्थान पर पिक एंड ड्रॉप प्वाइंट विकसित करने के निर्देश दिए हैं, जिससे यात्रियों को आसानी हो और बस स्टेंड के बाहर अनावश्यक भीड़ और जाम की स्थिति से राहत मिल सके।

# दशहरे को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के किए पुख्ते प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ पुलिस अधीक्षक शशांक सावन ने दिया दशहरे पर पुलिस प्रबंधों का ब्यौरा

■ थाना प्रभारियों को दिए आवश्यक निर्देश



पुलिस अधीक्षक शशांक सावन।

देशभर में दशहरा धूमधाम में मनाया जाता है। इस दिन शाम के समय विभिन्न स्थानों पर रावण, कुम्भकरण और मेघनाथ के पुतले जलाए जाते है और आतिशबाजी होती है। दशहरे के दौरान हिसार में होने वाले रावण दहन व अन्य कार्यक्रम बारे पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है। हिसार में मुख्य चार जगहों पुराना राजकीय कॉलेज मैदान, नई सब्जी मंडी, पटेल नगर, विद्युत नगर हिसार और दुर्गा कॉलोनी नजदीक रेलवे लाइन, मंडी आदमपुर पर रावण दहन का आयोजन किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि दशहरा कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखना, यातायात का सुचारू रूप से संचालन, समारोह का शांति पूर्वक समापन और जान और माल की रक्षा करना पुलिस प्रबंध का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए पुलिस सुरक्षा का उचित प्रबंध किया गया है। शहर के सभी स्थलों पर सिविल ड्रेस में भी महिला व पुलिस हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखेंगे। यातायात पर्यवेक्षण अधिकारी और यातयात थाना प्रबंधक अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर यातायात व्यवस्था का सुचारू रूप से संचालन करेंगे।

### बरतें सावधानियां

पुलिस अधीक्षक ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों को भी निर्देश दिए है कि वे अपने अपने क्षेत्र में हो रहे कार्यक्रम में उपस्थित रह यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भगदड़ या कोई दुर्घटना न हो। उन्होंने आम जनता से शांति और सद्भाव के साथ पर्व को मनाने की अपील करते हुए कहा रावण दहन के समय पुतलों के नजदीक न जाएं, अपना व अपने बच्चों का ध्यान रखें, कार्यक्रम के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

## भीम आर्मी नेता को थर्ड डिग्री मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

**हिसार।** भीम आर्मी नेता अमित जाटव को थर्ड डिग्री टॉर्चर मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने जिले के एएसपी से जवाब तलब किया है। यह आदेश न्याय और मानवाधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भीम आर्मी नेता अमित जाटव ने आरोप लगाया कि इस मामले में पुलिस द्वारा किए गए थर्ड डिग्री टॉर्चर ने न केवल कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा किया है बल्कि आम जनता के मौलिक अधिकारों के हनन की भी पोल खोली है। सर्वोच्च न्यायालय का हस्तक्षेप इस बात का प्रतीक है कि न्यायालय पीड़ित की आवाज सुनने और उसे न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। भीम आर्मी नेता ने उम्मीद जताई कि एएसपी द्वारा जल्द ही न्यायालय को तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने मांग की कि भविष्य में किसी भी निर्दोष व्यक्ति को थर्ड डिग्री जैसी अमानवीय यातनाओं का शिकार न होना पड़े।

## रिश्वत की शिकायत पर निगम आयुक्त ने शिकायतकर्ता को बुलाया

**उकलाना मंडी।** नगर निगम के आयुक्त नीरज कुमार ने उकलाना का दौरा किया। नगर पालिका कार्यालय में सुनवाई के दौरान सुरेवाला निवासी राममेहर ने निगम आयुक्त के समक्ष शिकायत रखी कि उनकी कॉलोनी की रजिस्ट्री और इंतकाल उनके नाम होने के बावजूद नगरपालिका ने प्रॉपर्टी आईडी किसी और के नाम जारी कर दी है। दूसरी ओर कवि एवं पंजाब नेशनल बैंक से सेवानिवृत्त प्रबंधक भगवान दास चावला ने आरोप लगाया कि उनका टैक्स 56 हजार था, शिकायत करने पर बढ़ा दिया और नगरपालिका अधिकारियों ने 76 हजार जमा करवाया। साथ ही 20 हजार की रिश्वत की मांग भी की गई। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने 40 हजार में काम करने की बात कही थी लेकिन उन्होंने रिश्वत नहीं दी और शिकायत दर्ज करवाई। इस पर निगम आयुक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भगवान दास चावला को शुक्रवार को व्यक्तिगत रूप से हिसार बुलाया और संबंधित अधिकारियों को भी तलब किया।

# मांगों की अनदेखी से मनरेगा मजदूरों में रोष

■ 3 को करेंगे रोष प्रदर्शन व उपायुक्त का घेराव

■ मनरेगा मजदूरों ने बैठक करके लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। बैठक में मौजूद मनरेगा मेट व मजदूर। फोटो : हरिभूमि

जिले के सभी ब्लॉकों के मनरेगा मेटों की बैठक प्रधान रमेश नापा की अध्यक्षता में बीडीओ ब्लॉक के नजदीक पार्क में हुई। इसमें गत 28 अगस्त को हजारों मनरेगा मेट मजदूरों द्वारा अपनी मांगों बारे मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के नाम दिए गए मांग पत्र पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई ना किए जाने पर रोष व्यक्त किया गया। प्रधान रमेश नापा ने बैठक को संबोधित करते कहा कि मनरेगा मेट व मजदूरों की मांगों को सरकार द्वारा ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। गत 28 अगस्त को दिए गए ज्ञापन का जवाब लेने के लिए जिले के सभी गांव के मनरेगा मेट, मजदूर व किसान 3 अक्टूबर को एचएयू के गेट नं. 4 के सामने पार्क में इकट्ठा होकर लघु सचिवालय में उपायुक्त का घेराव करेंगे तथा मांगों बारे उपायुक्त ने जवाब मांगेंगे।

# कचरे के ढेर में आग, पार्षद ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

■ जहरीला धुएं से सांस लेने में हुई परेशानी

बस स्टेंड के पीछे स्थित मौची मोहल्ला में कचरे के ढेर में आग लग गई। बस स्टेंड के पीछे स्थित इस क्षेत्र में जूतियों की कटाई का काम होता है जिससे निकलने वाला कचरा लोगों द्वारा अक्सर खाली प्लाटों में फेंका जाता है। कचरे के ढेर में आग लगने के बाद जहरीला और रासायनिक धुआं पूरे शहर में फैल गया जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन का सामना करना पड़ा।



हांसी। मौची मोहल्ले में कचरे में लगी आग व उठता जहरीला धुआं।

### घरों से बाहर निकलने में भी हुई कठिनाई

बता दें कि चमड़े के ढेर से निकले जहरीले धुएं के कारण हुए प्रदूषण से आस-पास रहने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और उन्हें घरों के अंदर व बाहर सांस लेने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसके बाद आसपास के लोगों ने मिलकर आग पर काबू पाया। लोगों ने प्रशासन से ऐसी घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

### कार्रवाई की मांग

वार्ड 19 के पार्षद रमेश सिसोदिया ने इस घटना पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि उन्होंने कई बार सेनेटरी इंस्पेक्टर को जूतियों की कटाई करने वालों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया था। पार्षद ने कहा कि नोटिस के बावजूद यदि कोई व्यक्ति यहां कचरा डालता या आग लगाता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उनका चालान काटा जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



शोरूम :- पीएलए मार्किट के सामने, रिलायंस फ्रैश के पास, दिल्ली रोड, हिसार, टेली.: 1800 890 6026

## खबर संक्षेप

### स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**हिसार।** गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी के मार्गदर्शन में एनएसएस इकाई की ओर से एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. कुमारी सरोज, डॉ. भावना, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद एवं डॉ. सुनील कुमार के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने विभिन्न दलों में विभाजित होकर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया।

### प्रणामी स्कूल में रामायण प्रतियोगिता का आयोजन

**आदमपुर।** श्री कृष्ण प्रणामी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आदमपुर में विजयदशमी, गांधी जयंती और लाल बहादुर जयंती का आयोजन किया गया। छात्रों ने कविताओं, भाषणों व नाट्य रूपांतरण और रामलीला मंचन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। इस अवसर पर रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की शिक्षाओं पर कविता और भाषण से प्रकाश डाला।

### एसडी स्कूल के अक्षत ने कराटे में जीता स्वर्ण

**हांसी।** कैमरी गांव स्थित एसजीएसआई में आयोजित स्टेट लेवल टूर्नामेंट में एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्र अक्षत जांगड़ा ने अंडर 14 आयु वर्ग कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियों में बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है और भविष्य में बड़ा मुकाम हासिल करने के लिए नई राहें व आशाएं पैदा होती हैं।

### सीएम से जल्द मिलेगा संघ का प्रतिनिधिमंडल

**बरवाला।** प्राइवेट स्कूल संघ हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मॉडल टाउन स्थित दयानंद पब्लिक स्कूल में हुई। अध्यक्षता संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने की। संघ के प्रांतीय सचिव प्रदीप पूनिया ने बताया कि संघ का एक प्रतिनिधिमंडल दस सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा से मिलेगा। इसमें मुख्य रूप से बन्द एमआईएस पोर्टल खुलवाने, स्कूल सोसायटियों पर लगाए गए जुर्माने को वापिस लेने की मांग उठाएंगे।

### रामलीला देखने भारी संख्या में पहुंच रहे दर्शक

# पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान कटला की रामलीला में विभीषण शरणागति और अंगद रावण प्रसंग का मंचन

**मंडली के साथ पहुंचे भावेश कृष्ण भारद्वाज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्री रामलीला कमेटी कटला की ओर से पुराना गवर्नमैंट कॉलेज मैदान में चल रही रामलीला में मंगलवार को विभीषण शरणागति अंगद-रावण प्रसंग का मंचन हुआ। प्रशासक एनके गोयल व समिति के सदस्यों के साथ श्री गणेश पूजन किया गया। मान्यता अनुसार किसी भी शुभ कार्य से पूर्व गणेश जी की पूजा अवश्य होती है। उसके उपरांत ठाकुर जी की वंदना की गई व आरती का कार्यक्रम रहा। रामलीला के मंचन को यादगार बनाने के लिए श्री राम कृष्ण कला अनुकरण संस्थान श्रीधाम वृंदावन से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्री भावेश कृष्ण भारद्वाज मंडली के साथ पंडाल में पहुंचे जबकि मंच का संचालन वीरभान बंसल ने किया। रामलीला देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसके अतिरिक्त आए अतिथियों को दीप प्रज्वलित का कार्य राजेश शर्मा द्वारा करवाया गया। प्रशासक एनके गोयल ने बताया कि मंगलवार को विभीषण शरणागति, रामेश्वरम स्थापना, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण पर शक्ति प्रहार आदि का मंचन हुआ। इस मौके पर बजरंग दास गर्ग मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। विपुल गोयल व पवन असरावा अति वशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इसके अलावा गोपीचंद वर्मा एडवोकेट, मनीराम गोयल, डॉ. एनके खेतरपाल, विपिन गोयल, अनिल गुप्ता, अशोक आहूजा, सुभाष जांगड़ा आदि मौजूद रहे।



**हिसार।** मुख्य अतिथि रामलीला में भगवान श्रीराम को तिलक करते हुए।



**हिसार।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि



**हिसार।** मुलतानी चौक पार्क में आरती करते समाजसेवी तिलकराज ढींगड़ा व पूर्व पार्षद मनोहर लाल नांगरु। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य रूप से वीरभान बंसल, सज्जन गुप्ता, विनोद गुप्ता, ऋषिराज बुड़ाकिया, विनोद कंसल, जनक राज, राजेंद्र बंसल नेताजी, राहुल गर्ग, राजेश शर्मा, चंद्रभान सोनी, राधेश्याम, प्रेम कश्यप, सूर्या गोयल, राकेश गुप्ता, विनोद वर्मा, अशोक शर्मा, दिनेश गर्ग, राहुल गर्ग, सत्य पाल अग्रवाल, पंकज गर्ग, संजीव जिंदल, ललित गोयल, नंदकिशोर, अनिल महाजन, सांखला, विनोद वर्मा, रामनिवास परसा, रमेश लोहिया, सत्यनारायण व अजय सिंगल आदि उपस्थित रहे।

### रामायण से मिलती त्याग की प्रेरणा

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में रामायण, दशहरा एवं डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने मुख्य अतिथि के तौर पर कहा कि रामायण से हमें त्याग, समर्पण, नैतिकता, सत्यनिष्ठा और धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा मिलती है। रामायण हमें सिखाती है कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों ना हो अंतत जीत सच्चाई की होती है। उन्होंने कहा कि रामायण से नैतिकता और सदाचार, धैर्य और सहनशीलता, भक्ति और प्रेम के साथ-साथ अधिकारों एवं कर्तव्यों का पालन करने के बारे में भी जानकारी मिलती है। भगवान श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है। उनके जीवन से हमें अनेक आदर्श मिलते हैं जो आज भी समाज और व्यक्तिगत जीवन को दिशा प्रदान करते हैं।

### हनुमान ने उजाड़ी अशोक वाटिका

**हिसार।** श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक की ओर से मुलतानी चौक पार्क में बड़े पर्दे पर दिखाई जा रही रामलीला के नौवें दिन मंगलवार को हनुमानजी का अशोक वाटिका में प्रवेश व लंका दहन का मंचन किया गया। सभा के प्रधान सुरेश कक्कड़ ने बताया कि समाजसेवी तिलकराज ढींगड़ा व पूर्व पार्षद मनोहर लाल नांगरु ने सपरिवार प्रभु श्रीराम दरबार में आरती करके आज की लीला का शुभारंभ किया। सभा की ओर से उन्हें पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। रावण द्वारा छल से सीता का हरण करने के बाद जब सीता का पता लग जाता है तो विचार-विमर्श करने के बाद हनुमानजी को लंका में भेजने का फैसला किया गया। श्रीराम से आज्ञा पाकर हनुमानजी लंका की ओर चल पड़ते हैं।

### संकट मोचन के चरणों में बैठकर करनी चाहिए उनकी पूजा

**हिसार।** संकट मोचन हनुमान जी के चरणों में बैठकर उनके अधीन होकर उनकी पूजा अर्चना करनी चाहिए। इससे वे हम पर अपना आशीर्वाद जरूर बरसाएंगे। यह बात महिप शर्मा ने श्रीरामदूतम सेवा समिति द्वारा आयोजित सालासर जाने वाले पैदल यात्रियों के लिए भंडारे भजन सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच कही। समिति प्रधान कुल प्रकाश बंटी गोयल ने कहा कि संकट मोचन हनुमान जी बड़े ही किरपालु व दयालु हैं, वह अपने भक्तों पर कभी भी कोई विपता व कष्ट नहीं आने देते। इसलिए हमें प्रतिदिन बाला जी की आराधना करनी चाहिए। समिति के प्रधान कुल प्रकाश गोयल,प्रवीण देव,पंकज महता व अतिथियों ने बाबा की ज्योत प्रज्वलित की।



**हिसार।** बाला जी की पूजा अर्चना करते हुए, श्री रामदूतम सेवा समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### श्री बद्री-केदार रामलीला में लक्ष्मण मूर्छित का मंचन

**हिसार।** विद्युत नगर में श्री बद्री-केदार रामलीला के तत्वाधान में नौवें दिन मंचन में कलाकारों ने लक्ष्मण शक्ति और मेघनाद, कुंभकरण व अहिरावण वध लीला का मंचन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधान पीपी शर्मा रहे। कार्यकारी अभियंता मुकेश कुमार सैनी और उनके साथ आए अन्य सदस्यों ने रामलीला का उद्घाटन किया गया। मंचन में दिखाया गया रावण की ओर से सेनापति मेघनाथ और लक्ष्मण में घनघोर युद्ध होता है। अंत में मायावी मेघनाथ के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। सुखेन वैद्य को हनुमान लेकर आए और सूखेन वैद्य के बताए अनुसार सूर्योदय से पूर्व संजीवनी लाना संजीवनी से लक्ष्मण के प्राण बचाना इस दृश्य को देखकर दर्शकों ने रामलीला मैदान में जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे लगाए।



**हिसार।** रामलीला का मंचन करते कलाकार।



**हिसार।** कार्यशाला में उपस्थित अतिथि।

### जाट कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशंस विभाग तथा आईईसीएस कंप्यूटर एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय पाइथन एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रहा। कंप्यूटर साइंस विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि दो दिवसीय कार्यशाला में महाविद्यालय के 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में पाइथन एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े आधुनिक पहलुओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कपेन्द्र सिंह ने आईईसीएस कंप्यूटर एजुकेशन के प्रतिनिधि पारस कुमार का कार्यशाला के आयोजन में सहयोग के लिए धन्यवाद किया तथा प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

## ज्योति स्तंभ का काम करता आरएसएस का साहित्य : प्रो. नरसी राम बिश्नोई

- डा. भीवराव अंबेडकर पुस्तकालय में हुई 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ साहित्य कुंज' की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का साहित्य आध्यात्मिक, नैतिक व सामाजिक मूल्यों के साथ-साथ राष्ट्र प्रेम के लिए प्रेरित करता है। आरएसएस राष्ट्र पुनर्निमाण, निस्वार्थ सेवा व राष्ट्र प्रथम-सदैव प्रथम के सिद्धांतों को लेकर चलता है। आरएसएस का साहित्य राष्ट्र के लिए ज्योति स्तम्भ का कार्य करता है। प्रो. नरसी राम बिश्नोई बुधवार को विश्वविद्यालय के डा. भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय में आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ साहित्य कुंज' के लोकार्पण समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे।



**हिसार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ साहित्य कुंज में पुस्तकों के साथ कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

#### ये रहे उपस्थित

पुस्तकालय अध्यक्ष डा. विनोद कुमार ने बताया कि इस अवसर पर तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद छोकर, डा. प्रताप सिंह, डा. नरेन्द्र कुमार, डा. एसएस जोशी, डा. सोमदत्त, डा. मोनिका, प्रो. विमल के. झा व प्रो. अरुणेश कुमार उपस्थित रहे।



**हिसार।** कांग्रेस भवन में सद्भाव यात्रा के बारे में बातचीत करते बृजेन्द्र सिंह।

### कांग्रेस की सद्भाव यात्रा 5 से, अनुशासन में रहकर व्यवस्था देखेंगे कार्यकर्ता : बृजेन्द्र

**हिसार।** कांग्रेस विदेश मामलों के उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी की ओर से 5 अक्टूबर से सद्भाव यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में उन्हीं कार्यकर्ताओं को बुलाया जाएगा जो अनुशासन में रहकर सारी व्यवस्था देखेंगे। बृजेन्द्र सिंह बुधवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यात्रा अनुशासित रहे और कार्यकर्ता अनुशासन में रहकर सब तरह की व्यवस्था देखेंगे। आज कांग्रेस भवन में हिसार जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों व भिवानी के बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र की बैठक बुलाई गई है जबकि बाकी के दो विधानसभाओं नारनौंद व उकलाना में प्रबंधन देखने वाले कार्यकर्ताओं की बैठक चौः बीरेन्द्र सिंह लेंगे। यह पूर्णरूप से कांग्रेस की यात्रा है और एक दिन पहले ही इस यात्रा की घोषणा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय चण्डीगढ से की है। उन्होने कांग्रेस नेतृत्व द्वारा राव नरेन्द्र को प्रदेश अध्यक्ष व भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को विपक्ष का नेता बनाए जाने का स्वागत किया।

## डीपीएस के विद्यार्थियों का विज्ञान प्रश्नोत्तरी में शानदार प्रदर्शन

- जानवी, गरिमा और छात्र अरव की टीम ने द्वितीय उपविजेता का खिताब हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

डीपीएस हिसार की कक्षा 12वीं की छात्राओं जानवी, गरिमा और छात्र अरव की टीम ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय उपविजेता का खिताब हासिल किया। यह प्रतियोगिता हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद, पंचकूला द्वारा आयोजित की गई थी।

विद्यालय की ओर से टीम के मेंटर और प्रवक्ता डॉ. विकास शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम चरण में छात्रों ने एमसीक्यू आधारित लिखित परीक्षा में अपनी उत्कृष्ट दक्षता का प्रदर्शन किया और शीर्ष आठ टीमों में स्थान बनाकर फाइनल राउंड में प्रवेश किया। अंतिम चरण में मौखिक प्रश्नोत्तरी के दौरान डीपीएस हिसार की टीम ने अन्य प्रतिभागियों को कड़ी टक्कर दी और शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही, टीम का चयन अब ज़ोनल स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। क्विज मास्टर विनीत और राजीव ने अंतिम परिणामों की घोषणा की।



**हिसार।** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डीपीएस के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## दशहरा पर हांसी पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध, नहीं आएगी परेशानी

- रावण दहन स्थल की बेरीगेट्स कर बनाए गए निकासी द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने दो अक्टूबर को मनाए जाने वाले दशहरा पर्व की सुरक्षा को लेकर एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने आमजन से अपील है कि रावण दहन स्थल के चारों तरफ बेरिगेटिंग के अंदर एंट्री ना करें तथा आने जाने वाले रास्ते पर व्यवस्था बनाए रखें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रावण दहन स्थलों के निकट वाहन पार्किंग ना करें। कमेटी समारोह स्थल के निकट पर्याप्त मात्रा में पानी की व्यवस्था कराई जाए तथा एंबुलेंस का प्रबंध किया जाए। कमेटी शोभा यात्रा रावण दहन व पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में अपने स्वयंसेवकों को भी नियुक्त करें। शोभा यात्रा के दौरान मार्ग अवरुद्ध न करें। दशहरा ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस कर्मचारियों अधिकारियों का सहयोग करें। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन द्वारा दी गई शर्तों का पालन करें।

दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण एवं भाईचारे के साथ संपन्न करने के लिए हांसी पुलिस मुस्तैद है। व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार की गई हैं पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में भी हालात पर नजर रखेंगे।



पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन।

#### सहयोग करने की अपील

पुलिस अधीक्षक ने लोगों से त्योहार के दौरान शांति बनाए रखने तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 88130-89302 पर दें। अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें।

## स्वरोजगार के लिए विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण करवाएगा संस्थान

- संस्थान के सह निदेशक ने दिया अक्टूबर के प्रशिक्षणों का ब्यौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में अक्तूबर मास के दौरान विभिन्न प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। ये प्रशिक्षण शिविर स्वरोजगार की दिशा में अहम साबित हो सकते हैं।

संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज के मार्गदर्शन में समय-समय पर विभिन्न विषयों से संबंधित प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 3 से 9 अक्तूबर तक मधुमक्खी पालन, 13 से 17 अक्तूबर तक डेयरी फार्मिंग, 15 से 17 अक्तूबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक, 27 से 29 अक्तूबर तक बेकरी और 29 से 31 अक्तूबर तक संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। इसमें किसी भी शैक्षणिक स्तर, आयु और वर्ग की इच्छुक महिला या पुरुष उम्मीदवार भाग ले सकते हैं।

यह प्रशिक्षण बिल्कुल निशुल्क है। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय की तरफ से प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के इच्छुक युवक और युवतियां पंजीकरण के लिए संस्थान में प्रशिक्षण शुरू होने वाले दिन ही पहुंच कर पंजीकरण करवा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।



डॉ. अशोक गोदारा।



**हिसार।** कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हैड कांस्टेबल प्रवीण कुमार।

### साइबर अपराध के बारे में जागरूक करने के लिए पुलिस ने किया साइबर राहगिरी का आयोजन

**हांसी।** साइबर अपराध के बारे में छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य व साइबर जागरूकता के लिए साइबर थाना पुलिस की ओर से राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुलाना में साइबर राहगिरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साइबर क्राइम थाना में तैनात हैड कांस्टेबल प्रवीन कुमार व साइबर राहगिरी टीम ने विद्यालय स्टाफ व छात्रों को साइबर क्राइम बारे जागरूक करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को साइबर अपराध के खतरों व उनके बचाव के बारे जागरुक हो इसके लिए सरकार व पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अगर किसी भी व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी हो जाती है तो जितनी जल्दी हो सके नेशनल साइबर शिकायत पोर्टल नंबर 1930 पर कॉल करें। इसके अलावा साइबर क्राइम थाना हांसी या नजदीकी पुलिस स्टेशन में साइबर हेल्प डेस्क पर भी अपनी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

### गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम आयोजित

## छात्रों ने पोस्टर मेकिंग में रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की

**विद्यार्थियों ने स्वच्छता की शपथ ली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत केन्द्र के सौजन्य से सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली विश्वविद्यालय परिसर से आरंभ होकर विभिन्न विभागों से होते हुए मुख्य द्वारा तक पहुंची। इसमें लॉ विभाग के विद्यार्थियों, थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन तथा प्रथम हरियाणा एयर स्क्वाड्रन कैडेट्स सहित 50 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। साइकिल रैली के उपरांत हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस भवन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि साइकिल चलाना न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन और समाज के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विश्वविद्यालय के लॉ विभाग एवं भूगोल विभाग में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वच्छता शपथ ली। इस अभियान में कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने स्वयं भी विद्यार्थियों के साथ सफाई की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए।



**हिसार।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

#### हेमवती ने प्रथम स्थान पाया

*स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत केन्द्र के कोऑर्डिनेटर डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि सेवा पखवाड़ा में सफाई अभियान के अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता विषयों पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में बीए एलएलबी की हेमवती ने प्रथम स्थान, साहिल ने द्वितीय स्थान तथा आईटीईपी विभाग की नैंसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।*

#### !!!!!

डॉ. राजीव कुमार ने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम लॉ विभाग के स्टाफ सदस्य सुमित कुमार, विशाल सामरा एवं दीपक जांगड़ा तथा एनसीसी इंस्ट्रक्टर मनीषा पायल के निर्देशन एवं सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। हिसार साइकिल रोडीज क्लब के सदस्य निशांत मेहता, डा. आनंद व सॉफ्टवेयर इंजीनियर वैभव ने भी साइकिल रैली एवे पौधारोपण कार्यक्रम में सहभागिता की। ऐसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, जिम्मेदारी और समाज के प्रति जागरूकता की भावना को प्रबल करते हैं।

## खबर संक्षेप

### पर्स चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** थाना शहर हांसी पुलिस ने गर्ग अस्पताल के कर्मी के बैग से पर्स चोरी करने वाले हिसार के आजाद नगर निवासी आरोपी रोहन को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रामलाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने 24 सितंबर को गर्ग अस्पताल के कर्मचारी के बैग से पर्स चोरी कर लिया था। पुलिस ने कर्मचारी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### स्व. वेद झंडई के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आज

**हिसार।** थैलेसीमिया वेलफेयर सोसायटी एवं पतंजलि योग समिति की ओर से सोसाइटी के प्रधान व संस्था के संस्थापक रहे स्व. वेद झंडई के जन्म दिवस पर 2 अक्तूबर को सिविल अस्पताल में प्रातः 9 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सोसायटी के सदस्य व स्व. वेद झंडई के पुत्र सौरभ झंडई ने बताया कि उनके पिता ने अपना सारा जीवन थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की सहायतार्थ व जरुरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध करवाने में लगाया हुआ था। वे अपने मित्रों व परिचितों से अपने जन्म दिन पर गिफ्ट देने की बजाये लोगों की जरुरत पूरी करने के लिये गिफ्ट के बदले में रक्त मांगते थे। सौरभ झंडई ने बताया कि उनका पूरा जीवन समाजसेवा को समर्पित रहा। स्वर्गीय वेद झंडई की याद में उनके जन्मदिन पर दूसरी बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 24 अक्टूबर 2023 को हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया था।

### एचकेएसडी गर्ल्स स्कूल में विशेष सभा आयोजित

**हिसार।** नागोरी गेट स्थित एचकेएसडी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गांधी जयंती व विजयदशमी के उपलक्ष में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर महात्मा गांधी की शिक्षाओं व स्वतंत्रता आंदोलन में दिए गए योगदान को कविता पाठ, भाषण, नृत्य व नाटिका द्वारा बखूबी दर्शाया गया। विजयदशमी के उपलक्ष में असत्य पर सत्य की विजय को भी प्रस्तुत किया गया। स्कूल की प्राचार्य रेनु मल्होत्रा ने गांधी जयंती व विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी स्टॉफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

लाहौरिया स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दशहरा

# नन्हें-मुन्नों ने दिया बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश

## अलग-अलग किरदारों की वेशभूषा में नजर आए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

न्यू लाहौरिया विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रांगण में दुर्गा अष्टमी, महा नवमी एवं दशहरे का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास तथा पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया तथा नौ देवियों की विधि विधान से पूजा की गई। नर्सरी तथा प्राइमरी कक्षा के छोटे-छोटे बच्चे देवियों की वेशभूषा में दिखाई दिए तथा राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। विद्यालय परिसर में रावण दहन का आयोजन किया गया जिसमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। छात्र-छात्राओं ने जय श्री राम के उद्घोष के साथ इस पर्व का आनंद लिया। विद्यालय के इस आयोजन ने छात्रों को न केवल सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया बल्कि उन्हें नैतिक शिक्षा भी प्रदान की। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों तथा छात्रों ने मिलकर इस पर्व को भव्यता व गरिमा से मनाया। विद्यालय के सचिव सुरेंद्र लाहौरिया तथा विद्यालय के चेयरमैन प्यारेलाल लाहौरिया ने नौ देवियों की विधि विधान से पूजा की तथा उन्होंने सभी प्रतिभागियों के अभिनय की प्रशंसा की। सभी प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार तथा नकद राशि भेंट स्वरूप दी गई। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों तथा शिक्षकों को दशहरे के शानदार आयोजन के लिए बधाई दी है।

■ सभी प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार तथा नकद राशि भेंट स्वरूप दी गई





**हिसार।** दशहरा मनाते लाहौरिया स्कूल के विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य तथा हांसी में महानवमी पर आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।



**हांसी।** रावण पुतला दहन से पूर्व रामलीला का मंचन करते विद्यार्थी उनके साथ हैं विद्यालय संचालक डॉ. संदीप देसवाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### सृष्टि स्कूल, मोठ में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नारनौंद।** सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल, मोठ में दशहरे के अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नर्सरी से यूकेजी फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, चौथी से आठवीं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, पेपर कटिंग मुकुट बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हितान्श, परियल, अंशु, सुनाक्षी, परिधि व साक्षी ने, इंग्लिश राइटिंग प्रतियोगिता में खुसबू, दिया व मुस्कान ने, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में अनिषा, मानवी, हिमांशी व नैंसी ने, पेपर कटिंग मुकुट बनाओ प्रतियोगिता में लवकेश, किस्मत ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, करणपाल दुहन, मास्टर सुरेश एमसी, अनूप लोहान एवं सोनिया लोहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि बिजेंद्र लोहान ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

### नवरात्रे, दशहरा, गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन

**हांसी।** श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रातः कालीन सभा में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने नवरात्रे, दशहरा, गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती से संबधित अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रोमांचक प्रस्तुति दी। विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों को नवमी व दशहरे की बधाई देते हुए बताया कि महात्मा गांधी भारत एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख राजनीतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। लाल बहादुर शास्त्री ने भारतीय राजनीति और समाज पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने बताया कि भगवान श्री रामचंद्र जी के जीवन में आई कठिनाइयां व चुनौतियां हम सबके लिए आदर्श स्वरूप है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमेशा बुराइयों को नष्ट करने का संकल्प लेना चाहिए। इसके साथ-साथ उन्होंने नवरात्रों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि मां दुर्गा नौ स्वरूपों की नवरात्रों के दौरान पूजा-अर्चना की जाती है। मां दुर्गा की नौवी शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। नवरात्रे की नवमी तिथि को इनकी उपासना की जाती है। इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल, सचिव नकुल कुमार अग्रवाल, सह सचिव ईश्वर कुमार गोयल व कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि मां दुर्गा को शक्ति, सुरक्षा और समृद्धि की देवी माना जाता है, जो अंधकार व अज्ञानता पर विजय दिलाती है और धर्म की रक्षा करती है।

### आरपीएस पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया नवरात्रि व दशहरा उत्सव

**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विद्यालय के संचालक डॉ संदीप देसवाल व मुख्याध्यापिका पूजा राणा की उपस्थिति में महानवमी व दशहरा उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। हिंदी अध्यापिका गीना देवी ने मंच संचालन करते हुए अपने वक्तव्य में दशहरे पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां दुर्गा सभी रूपों की वंदना के लिए संचालक संदीप देसवाल व मुख्याध्यापिका के द्वारा कंजक पूजन किया गया। इस अवसर विद्यालय के छात्रों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया जिसमें कक्षा पांचवीं के तरुण ने राम कक्षा पहली की तमन्ना ने सीता कक्षा पांचवीं के नितिन ने लक्ष्मण व कक्षा पांचवीं के अर्पित ने हनुमान की भूमिका निभाते हुए राम व रावण की जीवन शैली को लघु नाटिका द्वारा प्रस्तुत किया। बच्चों ने कविता के माध्यम से धार्मिक व राष्ट्रीय त्योहारों के महत्व को समझाया। राम-रावण के युद्ध का प्रदर्शन करते हुए रावण दहन किया गया।

### दयानंद कॉलेज में मंगल कामना के साथ किया हवन



**हिसार ।** दयानंद कॉलेज में शिक्षक तथा गैर-शिक्षक कर्मचारियों की मंगलमय कामना के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में महाविद्यालय के सभी शिक्षक तथा गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने हवन यज्ञ में अपनी आहुति डाल कर परमपिता परमात्मा का आशीर्वाद ग्रहण किया। हवन यज्ञ का संचालन हिन्दी एवं संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्षा तथा आर्य समाज समिति की सचिव डॉ. मोनिका नरेश द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह, डॉ. यशु राय, डॉ. सुनीता लेगा, डॉ. संगीता, डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. छवि मंगला, सतीश कुमार, विवेक, बिजेन्द्र, गौरव, ललित तथा अन्य कर्मचारीगण के साथ-साथ महाविद्यालय के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# ओएसजीयू में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

■ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मास्लो (आर्यन और अर्शज्योत) टीम ने पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय हमेशा से विश्वविद्यालय में अलग अलग गतिविधियां करवाई जाती है। इसी तरह स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने अपने विभाग में प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। यह प्रतियोगिता छात्रों में प्रबंधन के सिद्धांतों की गहरी समझ विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इसमें कुल चार टीमों ने भाग लिया, जिनके नाम प्रसिद्ध प्रबंधन विचारकों पर रखे गए जैसे मास्लो (टीम 1), फेयोल (टीम 2), टेलर (टीम 3) और कोटलर (टीम 4)। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. नीना शर्मा व अंजलि के मार्गदर्शन में हुआ। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में अपनी अहम रूचि दिखाई। प्रतियोगिता को चार चुनौतीपूर्ण राउंड में विभाजित किया गया था। प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एनपी कौशिक व प्रति कुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर ने सर्टिफिकेट देकर उनका मनोबल बढ़ाया और प्रेरणा संदेश देकर उनका मार्गदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मास्लो (आर्यन और अर्शज्योत) टीम ने द्वितीय स्थान टेलर (कुनाल और हेमन्त) टीम ने और तृतीय स्थान कोटलर (शिवम् और सरमन) टीम ने प्राप्त किया।



**हिसार।** प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

लोहारी राघो रामलीला में क्लब के कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

# हनुमान ने उजाड़ी अशोकवाटिका सभी श्रद्धालुओं को बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गांव लोहारी राघो में श्री रामा रामलीला क्लब द्वारा आयोजित ऐतिहासिक रामलीला में सीता खोज मंचन में हनुमान द्वारा लंका में अशोवाटिका को उजाड़ने के दृश्य ने पूरा धमाल मचा दिया। उछल-उछल कर हनुमान का किरदार अदा कर रहे कृष्ण भ्याना नंबरदार एक ही बार में पूरा केला खा जाने के सीन ने सभी श्रद्धालुओं को हंसा-हंसा कर लोट-पोट कर दिया। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को अशोक वाटिका के फल बांटे गए। मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि जींद के डीएफओ पवन ग्रोवर ने किया। क्लब प्रबंधन ने पवन ग्रोवर व उनके साथ आए राजकुमार सेठी का गदा भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान क्लब के कलाकारों ने क्लब के प्रधान सेवक गुलशन भ्याना को सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंचन के दौरान राम व लक्ष्मण सुग्रीव की मदद से माता सीता की खोज आरंभ करते हैं। हनुमान जी को लंका भेजा जाता है। हनुमान जी माता सीता को खोज लेते हैं। यहां वे देखते हैं कि रावण माता सीता को डरा धमका रहा है। रावण के जाने के बाद हनुमान जी माता सीता के सामने जाते हैं लेकिन माता सीता उन्हें पहचानने से इंकार कर देती हैं। हनुमान जी श्री राम द्वारा की निशानी अंगूठी उन्हें दिखाते हैं तो माता सीता उसे तुरंत पहचान लेती है। वे माता सीता से निशानी लेकर वापिस जाने लगते हैं तो उन्हें भुख सता रही होती है। वे अशोकवाटिका में लगे पेड़ों के फल तोड़-तोड़ कर खाने लगते हैं।



**नारनौंद।** लोहारी राघो रामलीला में सीता खोज का मंचन करते कलाकार।

### दर्शकों ने देखा लाइव

*उन्होंने उपस्थितजनों से आह्वान किया कि श्री रामा रामलीला क्लब देश व अपने बुजुर्गों की इस सांस्कृतिक विरासत को सहेजे रखने में पूरी मेहनत से जुटा है। लोहारी की रामलीला के लाईव प्रसारण को अमेरिका, आस्ट्रेलिया, कनाडा समेत दुनिया के कई देशों व भारत के अनके बड़े शहरों में भी श्रद्धालु लोहारी राघो की रामलीला को क्लब के ब्लोग तथा यू-ट्यूब, फेसबुक पर लाईव देख रहे हैं।*

**कार्यक्रम** | महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल में 'स्नेह-कटुम्बकम' कार्यक्रम का आयोजन

बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की

# बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ संस्कार भी प्रदान करना उद्देश्य : सरिता शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल में वार्षिक कार्यक्रम 'स्नेह-कटुम्बकम' का आयोजन किया गया। इसमें एमडी किया मोटर्स के अश्वनी गर्ग मुख्य अतिथि रहे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के अध्यक्ष भारत भूषण प्रधान ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर रामायण के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल प्राचार्या डॉ. सरिता शर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों व अन्य गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए सर्वप्रथम स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी प्रदान करें जिसमें हम सदैव खरा उतरने का प्रयास करते रहते हैं। मुख्य अतिथि अश्वनी गर्ग ने संबोधन में कहा कि एक विद्यार्थी की नींव स्कूल शिक्षा से पूर्व घर से ही पड़ती है। इसीलिए प्रत्येक अभिभावक की जिम्मेवारी भी बनती है कि वह अपने घर पर भी बच्चों को अच्छे संस्कार दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह हथियार है जिससे हम प्रत्येक बेड़ियों को काट सकते हैं इसमें एक अच्छे स्कूल की अह्म भूमिका होती है। उन्होंने इस कार्यक्रम में नन्हें-नन्हें बच्चों की प्रस्तुतियों की काफी सराहना करते हुए स्कूल प्रबंधन समिति को भी बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्कूल अध्यक्ष भारत भूषण प्रधान ने स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई अपनी-अपनी प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा के माध्यम से प्रत्येक विद्यार्थी कामयाबी की सीढ़ियों पर चढकर अपना मुकाम हासिल कर सकता है। इसमें परिवार एवं स्कूलों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान होता है क्योंकि बच्चा कच्चे घड़े के समान होता है। उसको हम कुम्हार बनकर आकार प्रदान करके ही कामयाबी दिला सकते हैं।



**हिसार।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### पुरस्कार देकर किया प्रोत्साहित

इस कार्यक्रम में विभिन्न बच्चों को अकादमिक पुरस्कार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदमों को प्रोत्साहित किया। इसके साथ कक्षा दूसरी के छात्र दीपांशु ने स्केटिंग में जिला स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल कर अपने स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन करने पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नन्हें बच्चों द्वारा हरियाणवीं, राजस्थानी व हिन्दी गानों पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कक्षा सेकंड की छात्रा हर्षिका ने पापा की परी कविता के माध्यम से संसार में बेटियों की अहम भूमिका का संदेश पहुंचाया। कक्षा सेकंड की छात्रा स्वस्ति ने शिव तांडव, कक्षा छठी की छात्रा हर्षिता ने मैं स्त्री हूं, कक्षा दसवीं का छात्र सरत ने अम्मा की गोदी कविता के माध्यम से मां के महत्व के बारे में बताया। इस तरह सुंदर और प्रेरणादायक कविताएं बोलकर बच्चों ने सबका मन-मोह लिया। उधर कार्यक्रम में बच्चों द्वारा भंगड़ा प्रस्तुत करके सभी को झूमने पर विवश किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में कक्षा ग्यारहवीं की मेधावी छात्रा रौनक और प्रीति के आत्मविश्वास से भरे स्वर और कक्षा नौवीं का छात्र युगांतर की स्पष्ट उच्चारण क्षमता ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया वहीं कक्षा प्रथम की छात्रा नदिया और नेहल की मनमोहक मुस्कान और मासूमियत भरे अंदाज ने पूरे माहौल में एक विशेष रौनक भर दी। इसके साथ यूकेजी का छात्र वरदान शर्मा और उसके सहपाठियों ने मिलकर रामायण की 10 मिनट में इतनी सुंदर प्रस्तुति दी।

### बच्चों का बढ़ाया हौसला

इस अवसर पर डॉ. नीलम प्रभा, डॉ. शमीम शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक अजीज प्रधान ने भी बच्चों का हौंसला बढ़ाते हुए सभी का इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

### बाजरे की सरकारी खरीद नहीं कर रही सरकार : गर्ग

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला शहरी प्रधान बजरंग गर्ग ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव में धान को 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीद करने की घोषणा की थी मगर सरकार की धान 2389 रुपए एमएसपी पर ना खरीद पर प्रदेश के किसानों में भारी नाराजगी है। किसानों को मजबूरी में अपना धान को 2000 रुपए से लेकर 2200 रुपए तक बेचना पड़ रहा है।

बजरंग गर्ग बुधवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले बजरंग गर्ग व अन्य नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को को नेता प्रतिपक्ष बनने व राव नरेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने पर खुशी जताते हुए लड्डू बांटे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने वायदे के अनुसार किसानों की धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीदना चाहिए।

### लुवास में विकास खरब लेखा नियंत्रक नियुक्त

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में विकास खरब (उप कुलसचिव) को विश्वविद्यालय का लेखा नियंत्रक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय के कुलसचिव की अधिसूचना के तहत की गई है।

विकास खरब विश्वविद्यालय में डिप्टी रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत रहे हैं। प्रशासनिक कार्यों का व्यापक अनुभव, कार्यकुशलता, निष्ठा और प्रबंधन क्षमता को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। उनकी नियुक्ति से विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका ने विकास खरब को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नियुक्ति उनकी मेहनत, निष्ठा और समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे आगे भी विश्वविद्यालय की प्रगति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

### संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम की शुरुआत आज से

**हिसार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष की गुरुवार से शुरुआत होगी। शताब्दी वर्ष का पहला मुख्य कार्यक्रम विजयादशमी पर्व पर है। जिले में चार उपनगरों और 22 मंडलों में शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम होने हैं। कार्यक्रमों में संघ स्वयंसेवकों के साथ-साथ सामाजिक बंधु भी शिरकत करेंगे। संघ के प्रचार विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार हिसार नगर में 2 अक्तूबर और 5 अक्तूबर को दो दिन पथ संचलन और शस्त्र पूजन के लिए तय किए गए हैं। शेष जिले के विभिन्न मंडलों में इन तिथियों के अलावा 4 अक्तूबर को भी कार्यक्रम होंगे। 2 अक्तूबर को हिसार के पंजाबी भवन सेक्टर 14 में संत नामदेव उपनगर, पुरानी सब्जी मंडी पार्क में लाला लाजपत राय उपनगर, ठाकुरदास भार्गव स्कूल में भास्कर उपनगर तथा सेक्टर 15 में पटेल उपनगर में कार्यकम होने है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### गांधी जी के विचार और दर्शन आज भी पूर्णतया प्रासंगिक : सांगा

■ गांधी जयंती पर राजकीय महिला कॉलेज में व्याख्यान एवं शांति मार्च का आयोजन

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा की अध्यक्षता में महाविद्यालय के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की ओर से गांधी-जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय अखंडता और नागरिक कर्तव्यों पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सतबीर सांगा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय एकता व अखंडता और नागरिक कर्तव्यों पर गांधी जी के विचार और दर्शन आज भी पूर्णतया प्रासंगिक हैं। व्याख्यान के बाद महाविद्यालय-परिसर में एक शांति-मार्च भी निकाला गया जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों और छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने व नागरिक कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क़ानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के सदस्य महेंद्र सिंह, हेमंत, डॉ. शालू मोहन, डॉ वसुंधरा, डॉ. हीना, डॉ. सुनीता, डॉ. सत्येंद्र यादव भी उपस्थित रहे।

